खंड 13 संख्या 3

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग 1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

मंगलवार, तिथि 14 अगस्त, 1984

## विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—143, 144, 147, 148, 151, 152, 153, 154, 156, 157, 158, 159, 160, 162, 165, 168 एवं 169। | 1—27 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) : | 29—57 |
| दैनिक निबंध : | 59 |


टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

(3) निगम के द्वारा स्कूल से इस विषय पर पत्राचार किया गया था किन्तु स्कूल इस जिम्मेवारी को लेने के लिए तैयार नहीं है। निगम को इन बसों को बन्द करने का आदेश दिया गया है।

---

छटनी ग्रस्तकर्मचारियों की नियुक्ति।

244. श्री ब्रजकिशोर नारायण सिंह—क्या मंत्री, वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर अंचल में छटनीग्रस्त चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के उपलब्ध रहने पर भी छपरा वन प्रमंडल में 5 बाहरी व्यक्तियों का चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के पद पर नियुक्ति 31 मई, 1984 तक की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त अनियमित नियुक्तियों का रद्द करते हुए उक्त छटनीग्रस्त कर्मचारियों को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

डॉ० उमेश्वर प्रसाद वर्मा—(1) उत्तर नकारात्मक है। जो भी नियुक्तियाँ हुई हैं वे सभी छंटनीग्रस्त वन कर्मचारी एवं कार्यरत मजदूर थे।

(2) प्रश्न ही नहीं उठता है।

---

रिक्त पद पर पदस्थापन।

255. श्री अभया चरण लाल—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—क्या यह बात सही है कि देवघर जिला में जिला कल्याण पदाधिकारी का पद 1983 से रिक्त है;

यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रिक्त पद पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्या ?

श्री टी० मुचि राय मुण्डा—देवघर जिला का गठन 1983 में किया गया है। जिला का गठन होने के पश्चात् जिला कल्याण पदाधिकारी एव उनके कार्यालय के लिए अराजपत्रित पदों के सृजन की कार्रवाई की जा रही है। पद सृजन होते ही जिला कल्याण पदाधिकारी का पदस्थापन किया जायेगा।

---

राशि का आवंटन।

256. श्री सूरज मंडल—क्या मुख्य मंत्री, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सं० प० जिला (दुमका) के सरैयाहाट प्रखंड को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार के अन्तर्गत नियोजन गारंटी प्रखंड घोषित किया गया;